## खबर संक्षेप

### बहन की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदली

**कटनी।** एक परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बारात वापस लौट गई। यह घटना बरही थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि शादी की खरीददारी करके घर लौट रही बड़ी बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने बड़े पिता के साथ शाम करीब सात बजे बरही से खरीददारी करके अपने मायके कुम्हरवारा लौट रही थी। जानकारी के अनुसार महिला दीपाली पति कोमल पटेल 28 अपने बड़े पिता के साथ बाइक से बाजार सामान खरीदने गई थी। लौटते समय वह हाइवा क्रमांक आरजे 11 जीए 9240 की चपेट में आ गई। इस हादसे में न तो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुई और न ही महिला के बड़े पिता को कोई चोट आई। गांव के अंदर हुए इस हादसे में जब हाइवा महिला को क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान वह उछल कर पहियों के नीचे चली गई और उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि वह कई दिनों से अपने पिता के साथ अपनी बहन के विवाह की तैयारियों में जुटी थी। कुछ दिन पहले ही वह अपनी ससुराल जटवारा से अपने अपने मायके कुम्हरवारा आई थी। शनिवार रात बारात आने वाली थी। शादी की तैयारियों को पूरा परिवार अंतिम रूप देने में लगा था। इसी बीच नियति को कुछ और ही मंजूर था। सामान लेकर घर लौटते समय घर से कुछ ही दूरी पर हादसा हो गया।

### सुपर सीडर से नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

**कटनी।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है।

### स्वरोजगार योजना के लिए कर सकते हैं आवेदन

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विनिर्माण गतिविधियों के लिए एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की परियोजनाएं स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही इस योजना के तहत सेवा एवं व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक लाख से 25 लाख रूपये तक की परियोजनाएं स्वीकृत करने का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित एवं शेष ऋण पर 05 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) निगम द्वारा वहन किए जाने का प्रावधान है। आवेदक एमपी ऑनलाईन माध्यम के से वेबसाइट पर अपना आवेदन कर सकते हैं। योजना में इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष हो तथा आवेदक को कक्षा 08 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, फोटो, कोटेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, वाहन के लिए वैध ड्रायविंग लायसेन्स, पेन कार्ड, बैंक पास बुक सहित अन्य दस्तावेज अनिवार्य हैं।

## कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों, ई-ऑफिस, स्थानांतरण पॉलिसी की समीक्षा

# सुस्त प्रगति पर फटकार, 3 सीएमओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने अमृत सरोवर, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, समय-सीमा पत्रों, समग्र ई-केवाईसी, ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए राज्य शासन द्वारा हाल ही में जारी स्थानांतरण नीति के निर्देशों के अनुरूप विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिपं के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमृत सरोवर योजना की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में राज्य शासन द्वारा नई स्थानांतरण नीति के तहत सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने यहां पदस्थ सभी कर्मियों की डाटा एवं सूची तैयार करें। जिसमें कर्मचारी कब से पदस्थ हैं उसका भी उल्लेख हो। कलेक्टर ने कहा कि शारीरिक अस्वस्थ्यता के आधार पर स्थानांतरण चाहने वाले कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।





बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन एवं समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए कहा कि ये दोनों कार्य 31 मई तक पूर्ण किए जायें। उन्होंने कैंप लगाकर फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने समग्र ई-केवाईसी कार्य में नगर निगम को अत्यंत कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अभियान चलाकर इस कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी।

### कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कलेक्टर श्री यादव ने समग्र ई-केवाईसी कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं पाये जाने पर जिले के 3 नगर परिषदों क्रमशरू कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समग्र ई-केवाईसी कार्य में व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य संपादन के निर्देश दिए।

### ई-ऑफिस के तहत कार्य में लायें तेजी

कलेक्टर श्री यादव ने जिले के कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग नस्तियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के तहत करें। उन्होंने सहायक संचालक मत्स्य पालन, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मध्यप्रदेश वेयरहाउस कॉर्पोरेशन, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली में रूचि नहीं लेने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया और अगले सप्ताह तक ई-ऑफिस प्रणाली से नस्तियों का परिचालन करने की हिदायत दी।

बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं सहित 55 जिला स्तरीय कार्यालयो को जहां ई-ऑफिस प्रणाली लागू हो गई है, वहां के कार्यालय से संबंधित डाक और पत्र ऑनलाईन स्कैन करके सभी विभागों को भेजा जा रहा है। कलेक्ट्रेट में ऑनलाईन डाक भेजने की व्यवस्था शुरू हुए तकरीबन 10 दिन हो चुका है।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्री यादव ने प्रदेश में वन विभाग, शिक्षा विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समेत प्रदेश में खराब रैंकिंग वाले सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभागों को अपनी प्रगति में वांछित सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इन सभी विभागों की शिकायतों के निराकरण में रूचि न लेने की वजह से राज्य शासन द्वारा जारी की जाने वाली रैंकिंग में जिले की स्थिति प्रभावित होती है, इसलिए सभी विभाग शिकायतों का समाधानकारक निराकरण सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी पहल करें।

उन्होंने विभागों द्वारा शिकायतों के निराकरण में कोताही बरतने एवं लंबे समय से शिकायतों को पेंडिंग मे रखने की प्रवृत्ति पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस स्थिति में सुधार लाएं।

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग हलाकान

**बरही।** बेचैन कर देने वाले गर्मी के इस मौसम में चौपट बिजली व्यवस्था से लोग खासे परेशान हैं। तहसील अंतर्गत कुंआ व खितौली क्षेत्र में कई दर्जनों गांवों में 6 से 8 घंटे तक बिजली बंद रहती है। विद्युत आपूर्ति के चालू होने या बंद होने की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। बिजली कटौती से न तो दिन में राहत है न ही रात में नींद आ रही है। रहवासियों को भीषण गर्मी में जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत है इसी समय बिजली विभाग की मनमानी से ग्रामीण परेशान है। बिजली न होने की वजह से लोग घंटो घंटो गर्मी से परेशान है। रात्रि के समय विद्युत आपूर्ति बाधित रहने का चोर बदमाशों फायदा उठा रहे हैं। दूसरी ओर अंधेरा होने से जंगली जानवरों एंव जहरीले जीव जंतुओं के काटने का भी डर बना रहता है। बिजली कटौती के संबंध में कर्मचारियो का कहना है की मेटनेनस चल रहा है तो कही रेस्ट चल रहा है। सबसे बड़ी समस्या ये है की यहा सारे कर्मचारी ठेकेदार के है कोई रेगुलर कर्मचारी नही है। बिजली विभाग इस क्षेत्र मे सबसे ज्यादा लापरवाही देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से बिजली की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

*महापौर व निगमायुक्त ने कर्मचारियों को दिए गए हैं सख्त निर्देश*

# शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों द्वारा किया जा रहा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में रोजाना की जाने वाली प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कमियों को दूर करने एवं आवश्यक सुझाव देकर नगर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा वार्डों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के प्रयास किये जा रहे है।

### सौंपे गए हैं कार्य दायित्व

निर्देशों के परिपालन मे सोमवार को सहायक सामुदायिक संगठक रविशंकर पांडेय द्वारा जगमोहन दास वार्ड ,गुरूनानक वार्ड , रघुनाथ गंज वार्ड के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो में की जा रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु आवश्यक दिशा. निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वार्डो की सफाई व्यवस्था हेतु संलग्न किये गए कर्मचारियों हेतु संधारित उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया जाकर स्वच्छता दूतों को कर्तव्य पर निर्धारित समय में उपस्थित होने एवं रोजाना समय पर पंजी में हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए गए। वहीं सहायक यंत्री आदेश जैन द्वारा शनिवार को सुभाष चौक , बस स्टेंड , मिशन चौक सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया जाकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के आवश्यक निर्देश दिए गए।



### सुबह 6 से 9 बजे निरीक्षण

उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम के विभिन्न अधिकारियों को कर्तव्य सौपें जाकर रोजाना प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करनें तथा सफाई मित्रों की उपस्थिति की जांच कर कार्य के दौरान कर्तव्य पर उपस्थित न होने वाले कर्मचारियों की अनुपस्थिति दर्ज करने तथा सफाई व्यवस्था मे सुधार हेतु आवश्यक सुझाव देने हेतु निर्देशित किया गया है।

## ननि के सामान्य सम्मिलन में निर्धारित एजेंडो पर चर्चा



नगरपालिक निगम का सामान्य सम्मिलन निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। बैठक प्रारंभ होने पर सदन में निर्धारित एजेंडो पर विस्तुत चर्चा प्रारंभ की गई । बैठक में नियम 17 के प्रश्नों पर चर्चा उपरांत महत्वपूर्ण पत्रों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रस्ताव क्रमांक 01 निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता बढ़ाये जाने पर चर्चा के दौरान नियमित कर्मचारियों की जानकारी चाही गई, विभाग द्वारा जानकारी नहीं दिये जाने पर प्रकरण आगामी बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित एवं 2025-2026 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा के दौरान स्थावर संपत्तियों की जानकारी अधूरी प्रेषित किये जाने के कारण चर्चा नहीं हो सकी। निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के कारण महापौर एवं सदन के सदस्यों की सहमति से आज की बैठक दिनांक 28 मई को दोपहर 12 :00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

## लाभ से वंचित श्रमिक कार्डधारियों के लिए आज भी लगेगा शिविर

# श्रमिक कार्डधारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने लगाए जा रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन निर्देशानुसार नगर निगम सीमांतर्गत निवासरत 45 वार्डों के श्रमिक कार्डधारकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन व मार्गदर्शन में वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा शिविरों के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय वार्ड दरोगाओं को दायित्व सौंपे जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये है।

आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेश के तहत सोमवार 19 मई को आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित जोन कार्यालय , रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित संजीवनी क्लीनिक , पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित यूपीएचसी प्रेमनगर , रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित उपस्वास्थ केन्द्र खिरहनी , बाबू जगजीवन राम वार्ड आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 66 उडिया मोहल्ला में शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को इन वार्डो में आयोजित शिविर के दौरान निगम के वार्ड दरोगाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमिक कार्डधारियों को वार्ड में आयोजित हो रहे शिविर स्थलों की सूचना प्रदान की जाकर शिविर के माध्यम से श्रमिक कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनानें का कार्य किया गया।

### आज पुनः लगेगा शिविर

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार मंगलवार 19 मई को पुनः इन्ही वार्डो में शिविर का आयोजन किया जाकर आयुष्मान कार्ड की सुविधा का लाभ प्राप्त करने से वंचित कार्डधारियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस योजना के माध्यम प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्थाओं एवं शासन द्वारा चिन्हित निजी स्वास्थ्य संस्था में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार करा सकते है।

*दल प्रभारी नियुक्त कर कर्मचारियों की लगाई गई है ड्यूटी*

# वार्डों में शिविर लगाकर जमा कराई जा रही राशि, मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की 31 मार्च 2016 के पूर्व की अनाधिकृत कॉलोनियों में निवासियों को नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु अभिन्यास प्रकाशन के उपरांत निर्धारित विकास शुल्क की राशि जमा करने की सुविधा हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में प्रारंभिक 6 वार्डो में शिविरों का आयोजन 21 मई तक प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेश में इंदिरा गांधी वार्ड, राम मनोहर लोहिया वार्डए रफी अहमद किदवई वार्ड और बाबू जगजीवन राम वार्ड में आयोजित होने वाले शिविरों के लिए श्री अनिल जायसवाल सहायक यंत्री एवं प्रभारी अधिकारी कॉलोनी सेल के निर्देशन में शिविर का आयोजन करने हेतु चार दल गठित करते हुए गठित दल के अधिकारी.कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार चार वार्डों में आयोजित हो रहे शिविरों में वल्लभ नगर इंदिरा गांधी वार्ड के वल्लभ नगर में आयोजित होने वाले शिविर हेतु दल प्रभारी जेपी सिंह बघेल को नियुक्त किया जाकर दल में चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार राममनोहर लोहिया वार्ड के अहमद नगर में आयोजित होने वाले शिविर के लिए दल प्रभारी उपयंत्री अश्विनी पांडेय को नियुक्त किया गया है। इसी तरह बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित शारदा कॉलोनी के शिविर हेतु दल प्रभारी श्री संजय मिश्रा तथा रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित जाग्रति कॉलोनी के लिए दल प्रभारी शैलेन्द्र प्यासी को नियुक्त करते हुए दल में चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्री अंबिकेश तिवारी सहायक ग्रेड .3 को गठित दलों से समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावेजों का परीक्षण करनेए खसरा मिलान उपरांत विकास शुल्क की डिमांड जारी कर जमा कराई जाने वाली राशि को निगम कोष में जमा कराने के निर्देश दिए है।



निगमायुक्त श्री दुबे नें बताया कि शिविरों के माध्यम से अनाधिकृत कॉलोनी बसाहट क्षेत्र के सैंकड़ो परिवार के लोगों को विकास शुल्क की राशि जमा करनें की सुविधा उनके वार्ड में ही प्राप्त हो सकेगी। आगामी समय में नगर के अन्य वार्डों की कॉलोनियों में भी शिविर लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। आपनें आयोजत होनेशिविर का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करनें का आग्रह कॉलोनी वासियों से किया है।

## रोज रंग बदल रहा मौसम, सुबह धूप तो दोपहर बाद बादलों का डेरा

# उमस भरी भीषण गर्मी में न दिन में राहत न रात में मिल रहा सुकून

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज कल मौसम का मिजाज सुबह शाम बदल रहा है। कभी तेज धूप रहती है तो कहीं बादल छा जाते हैं। उमस भरी गर्मी और तेज धूप से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कुछ दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जा रही है परंतु बारिश नहीं हो रही है। जिले के कुछ क्षेत्रों में कहीं कहीं बूंदाबादी व हल्की बारिश हुई है लेकिन यह राहत की जगह और समस्या बढ़ा रही है। आसमान पर बादल तो छाए लेकिन बरस नहीं रहे हैं, जिससे उमस बढ़ गया है और लोग बेहाल हैं। प्री मानसून की बारिश नहीं होने और मानसून में देरी से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। मानसून के सक्रिय होने में अभी समय लग सकता है। मई महीने का दूसरा पखवाड़ा चल रहा है, गर्मी गर्मी से राहत नहीं मिली है। आगामी दिनों में नौतपा भी शुरू होने वाले हैं। हालांकि आसमान में बादल छा तो रहे हैं, लेकिन बरस नहीं रहे हैं, जिससे वातावरण में उमस बढ़ गया है।



### कूलर व पंखों से भी राहत नहीं

बढ़ती गर्मी और उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आमजन जीवन प्रभावित हो गया है, लोग डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। डिहाइड्रेशन से बचने अधिक पानी पीने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दी जा रही है। विशेषकर बुजुर्ग और बच्चों पर इसका खासा असर दिखाई दे रहा है। पंखें-कूलर चलने के बावजूद लोगों को राहत नहीं मिली। इस बार बारिश की बेरूखी के चलते गर्मी का मौसम लंबा खींच रहा है। सुबह से ही तीखी धूप रही। वहीं वातावरण में उमस भी अपेक्षाकृत अधिक महसूस हुई। देर शाम तक लोग गर्मी से परेशान दिखे।


उमस के कारण मौसमी बीमारियां बढ़ने लगी है। अस्पतालों में मरीजों की औसतन संख्या बढ़ गई है। खासकर वायरल इंफेक्शन, मौसमी बुखार के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उमस भरी गर्मी से रात में भी राहत नहीं मिल पा रही है। इस भीषण गर्मी में कूलर व पंखे की हवा भी लू की तरह निकल रही है। बिस्तर तक इतने गर्म हो जा रहे हैं कि उस पर लेटने की हिम्मत नहीं हो रही है। मौसम साफ रहने पर सूर्य की उष्ण किरणें झुलसाने लगती है।

डाक्टरों का कहना है कि उमस भरी गर्मी में खानपान पर लापरवाही बरतने से भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। मौसम में उतार चढ़ाव होने से सर्दी, खांसी, बुखार, डायरिया, टायफाइड से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सरकारी के साथ साथ निजी क्लीनिक में भी ऐसे मरीजों की तादाद इन दिनों काफी बढ़ गई है। मौसम के साफ रहने पर सूरज की तल्ख किरणें और गर्म हवा के थपेड़े झुलसा रहे हैं। सुबह 9 बजे ही ऐसा लगने लगता है जैसे कि दोपहर के 2 बजे की धूप हो। दिन में चिलचिलाती धूप और रात में उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन हैं। आसमान से आग बरसाने वाली तल्ख धूम व गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं। दोपहर के समय तो घर से निकलना दूभर हो गया है। गर्मी से बचाव के लिए कहीं पर पेड़ों की छांव का सहारा लेते हुए लोगों को देखा जा रहा है। धूप व गर्म हवाओं की मार से बचने अधिकांश लोग गमछा बांधकर ही निकल रहे हैं।

आसमान में बादलों के आ जाने की वजह से तेज धूप से राहत तो मिल जाती है लेकिन उमस बरकरार रहती है। रात्रि के समय भी उमस का असर बना रहता है। गर्मी के बीच मच्छरों ने भी परेशान कर रखा है। लोगों को सुकून भरी नींद भी नहीं मिल पा रही है।

### टेलर से गांजा किया गया जब्त

**कटनी।** क्राइम ब्रांच कटनी द्वारा थाना रीठी के निटर्रा ग्राम के टेलर सुनील नामदेव को गांजा बेचते पकडा गया। गांजे की शिकायतों के चलते छापा मारकर सुनीक नामदेव से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जप्त किया। आरोपी पुडिया बना कर बेचता था। कार्यवाही में प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक संदीप अयाची सहित आरक्षक दीपक वर्मा आर. अशोक कोल का योगदान रहा साथ ही रीठी पुलिस का सहयोग लिया गया।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यों के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप


### फांसी के फंदे पर झूली 3 बच्चों की मां



**पन्ना।** धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर में एक 35 वर्षीय विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे में झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कमला साहू पति होते साहू उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर ग्राम पंचायत कल्याणपुर ने 18 मई 2025 को अपरांह लगभग 3 बजे घर के अंदर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई, बताया गया है कि कमला और होते के तीन बच्चे थे एक 16 साल का लड़का, 12 साल की लड़की और 8 साल की लड़की है। इस घटना से सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस के द्वारा पंचनामा उपरांत मृतिका का शव पोस्टमार्टम के लिए अजयगढ़ पीएम हाउस लाया गया है जहां आज 19 मई 2025 को पोस्टमार्टम होगा।

### शाउमावि हरदी में बोर्ड परीक्षा का परिणाम रहा अव्वल





**अजयगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम की ओजीटी कराई गई जिसमें छात्र-छात्राओं को बैंकिंग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय के बोर्ड परीक्षा प्रभारी सुरेंद्र लोध ने बताया कि इस वर्ष 12वीं का परीक्षा परिणाम 92ः रहा जिसमें राम देवी लोध ने500 में473 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 87ः प्रतिशत रहा जिसमें कुमकुम लोधी ने 93ःअंक लाकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय में समर कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

ग्रामीण विकास विभाग के समस्त सचिवों को प्रशिक्षण 2 चरण में संपन्न

# प्रशिक्षण में आवश्यक बातें बताई ताकि अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से करें: जिपं सीईओ

**ई.के.वाय.सी की प्रक्रिया ज्यादा से ज्यादा करें, हर पंचायत से 20-20 युवा कम से कम रोजगार शिविर में आयें, 20 एवं 21 मई को पुलिस विभाग का होगा प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





भारत-पाकिस्तान के बीच जो स्थितियां तनाव भरी है, उसको परिस्थितियों को लेकर सरकार अलर्ट है, आपातकालीन परिस्थितियों के समय आपदा प्रबंधन की कार्य योजना तैयार की गई है, इसी के मद्देनजर उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के विभिन्न कक्षों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे की मौजूदगी में जिले के पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में इस अवसर पर सर्वशिक्षा अभियान के जिला समन्वयक मुकेश द्विवेदी मौजूद थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ प्रवीण फुलपगारे सचिवों को संबोधित करते हुये कहा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में आपदा में राहत और बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ में सभी विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया चल रही है, आज पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के जितने सचिव है, उनके दो सेशन में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आवश्यक बातों से उनको अवगत कराया गया है।

सी.ई.ओ श्री फुलपगारे ने कहा ई.के.वाई.सी का काम किया जा रहा हैं। जो सचिव बिल्कुल भी काम नहीं कर रहे थे उन 6 सचिवों को निलंबित किया गया, हमको किसी कर्मचारी को निलंबित करने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है। लेकिन अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं करेंगे तो फिर सजा के प्रावधान है। उन्होंने कहा ई.के.वाई.सी की प्रक्रिया आप ज्यादा से ज्यादा करें। सी.ई.ओ श्री फुलपगारे ने कहा आप सभी को रोजगार मेले के संबंध में बताया गया है, यह सिर्फ जानकारी नहीं है, आप लोगों को गहराई से देखना है, जिन जनपदों में रोजगार के लिए अन्य स्थानों पर जाने की स्थिति बनती है और जिन पंचायतों में यह ज्यादातर यह होता है। वहाँ के युवाओं के लिए रोजगार मेला 27 एवं 28 मई को लगाया जा रहा है।

उन्होंने सचिवों से कहा युवाओं को रोजगार के लिए जरूर प्रेरित किया जाये। सोशल मीडिया के ग्रुप के माध्यम से और आपके पंचायत क्षेत्र के ग्रुप में युवाओं को को रोजगार मेले के संबंध में सूचना जरूर दें। जो परिचित युवा है, जो पंचायतों की ग्राम सभाओं में उपस्थित होते है, उनको भी बताए ताकि इन शिविरों का ज्यादा से ज्यादा रोजगार की दिशा में लाभ ले सकें। जिला परियोजना समन्वलयक सर्व शिक्षा अभियान मुकेश द्विवेदी ने कहा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में 15 मई से निरंतर नागरिक सुरक्षा की जो योजना जिला स्तर की बनायी गयी है उसको प्रत्येक कर्मचारियों को अवगत कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षणों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज ग्रामीण विकास विभाग के समस्त सचिवों को प्रशिक्षण 2 चरण में प्रशिक्षण 4-4 कक्षों में और अभी आपके सामने थियोरेटिकल उनका हो चुका है और प्रैक्टिकल चल रहा है। आगे भी प्रयास किया जायेगा की प्रशिक्षण बेहतर तरीके से हो, जिससे कि आगामी नागरिक सुरक्षा योजना में इनकी भूमिका भलीभाँति निभा सके। साथ ही उसके जो स्वयं सेवक होते हैं ,जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हैं, उनका पंजीयन भी होता है, तो उनका पंजीयन भी किया जा रहा हैं ताकि स्वयंसेवक के रूप में भी लोग अपनी सेवाएं दे सके। प्लाटून कमांडर प्राची दुबे ने बताया कलेक्टर सर के निर्देशानुसार यहाँ प्रतिदिन हवाई हमला, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन, प्रथम उपचार एवं सायरन, रेड सायरन एवं ग्रीन सायरन पर जो कार्रवाई की जाती है, उसकी मॉकड्रिल का आयोजन किया जाता है, जिसमें सुबह से सैद्धांतिक प्रशिक्षण एवं दूसरी पारी में इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा दिया जाता है। हमारे शासकीय भवनों में जो अग्निशामक यंत्र लगे हुए होते है, सर्वप्रथम उनकी जानकारी सभी को होनी चाहिए कि वह किस स्थान पर लगे हुए है, जिससे आगजनी की घटना कहीं होती है, तो तत्काल उसका उपयोग कर आग पर काबू पा सके। आग पर हमने काबू पा लिया तो हम जानमाल की सुरक्षा कर सकते है, और उसमें थोड़ी सी गलती कि तो भारी जनमाल का नुकसान हो सकता है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आपदा के समय नागरिक सुरक्षा हेतु पावरपाइंट के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। आपातकाल में नागरिक सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, लोगो का बचाव, ध्वस्त ढाँचा पहचान की कार्यवाही, प्राथमिक सहायता सहित विभिन्न बिन्दुओं के बारे में बताया गया। अभी तक जिला अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, पटवारियों को पूर्व में प्रशिक्षण दिया गया है। 20 एवं 21 मई को पुलिस विभाग का प्रशिक्षण होगा तदोपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न होगा।

इस अवसर पर डॉ. मनीष संगतानी ने बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग देनी थी जो हमारी टीम ने आकर यहाँ पर दी है, इसमें घाव का कैसे बचाव करना है, खून कैसे रोकना है, फ्रैक्चर हुए पेशेंट को कैसे अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाना है, साथ में यदि किसी की श्वास रुक जाती है, धड़कन रुक जाता है जिसको हम बोलते हैं कार्डियक अरेस्ट और उस समय की कंडीशन में हमें बेसिक क्या फास्टेड देना है, आदि का सही तरीका क्या है यह सब हमने प्रशिक्षण यहाँ पर आकर दिया है।

# आदर्श प्रजापति समाज के पदाधिकारियों ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आदर्श प्रजापति समाज द्वारा जिला अध्यक्ष राजेंद्र बर्दिया की अध्यक्षता में समाज के पदाधिकारी की उपस्थिति में शहर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतिभावान छात्रों में निकुंज प्रजापति पिता वैद्य एच एल प्रजापति माता मनीषा प्रजापति ने कक्षा 12वीं में 94.6% अंक अर्जित कर परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया वहीं आदित्य प्रजापति 12 वीं (85%) पिता उमेश प्रजापति माता प्रभा प्रजापति तथा ईशा प्रजापति,8 वीं (92% तथा नवोदय विद्यालय में चयन) पिता घनश्याम प्रजापति माता सीमा प्रजापति का सम्मान स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर किया गया। इस अवसर पर आदर्श प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र बर्दिया ने कहा कि हर विद्यार्थी अपने कैरियर और जीवन के लिए बड़े सपने देखता है इन सपनों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास की आवश्यकता होती है। अपनी प्रतिभा और परिश्रम से विद्यार्थी सफलता के शिखर छू सकते हैं। लगन और परिश्रम से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त हो जाता है। हमें जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना है उसके लिए अभी से तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा के अनुरूप कैरियर का चुनाव करके सभी विद्यार्थी अच्छी सफलता प्राप्त करें। भावी पीढ़ी पर ही देश और प्रदेश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। आपका कैरियर केवल आप के लिए ही नहीं पूरे समाज के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर समाज के संभागीय अध्यक्ष मूलचंद प्रजापति, उपाध्यक्ष उमाशंकर प्रजापति, श्री वैद्य हरलाल प्रजापति, संदीप प्रजापति, गनेश प्रजापति, कार्तिक बर्दिया, धर्मेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र बर्दिया, दीपेश बर्दिया, जितेंद्र प्रजापति, पूजा प्रजापति, रुकमणी बर्दिया आदि की उपस्थिति रही।

## भीषण गर्मी व उमस से परेशान, नहीं मिल रही राहत



**तेंदूखेड़ा।** महीने में मौसम के मिजाज बदलने से बूंदाबांदी हो रही है तो बादल छाने के साथ कभी धूप निकल आती है। पिछले 15 दिनों से देखे तो कुछ इसी तरह की स्थिति जिले में बनी हुई है। बूंदाबांदी आंधी तूफान होने और बादलिक मौसम रहने के बावजूद आमजन को भीषण गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल रही है। गर्मी तपा रही है तो उमस उनके सिर से पसीना छुड़ा रही है। हालत यह है कि घर, दुकान, मकान में बिना कूलर, पंखे, एसी के बैठना कठिन हो गया है। सोमवार को ही अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा वहीं तापमान अधिक होने और हवा की गति कम होने से सुबह से 3 बजे दोपहर तक गर्मी ने जमकर तपाया। इससे राहत पाने लोग कई तरह के जतन करते नजर आए। लेकिन दोपहर 3 के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और बादल छा गए हाल की बूंदाबांदी भी हुई मौसम में ठंडक खुल गई तेज हवा चलने लगी कटौती ने बढ़ाई मुश्किल एक तरफ गर्मी, उमस अपना प्रकोप दिखा है तो उसमें बिजली कटौती ने आमजन की दिक्कत बढ़ा दी है। सोमवार को तेंदूखेड़ा सब स्टेशन से जुड़े करीब 100 से अधिक गांवो में बिजली का आना-जाना रहा कई ग्रामो बिजली गुल रही है।

## गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने गुनौर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना को स्वीकृत कराने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**गुनौर।**

बरगी डेम जबलपुर से सतना जिले की नागौद तहसील जिसकी सीमा पन्ना जिले की तहसील देवेन्द्रनगर/गुनौर से लगती है, में आने वाली नहर से गुनौर विधानसभा क्षेत्र की तहसील देवेन्द्रनगर एवं गुनौर के ग्रामों में सिंचाई की सुविधा बढाने के उद्देष्य से कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-1 नागौद जिला सतना द्वारा गुनौर मइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन अपने पत्र क्रमांक 775 दिनांक 13.06.2024 को मुख्य अभियंता, अपर नर्मदा जोन बरगी हिल्स जबलपुर को भेजा गया। उक्त योजना के विस्तार से देवेन्द्रनगर तहसील के 22 ग्रामों की 6145.59 हेक्टेयर एवं गुनौर तहसील के 52 ग्रामों की 16535.15 हेक्टेयर निजी कृषि भूमि सिंचित होगी साथ ही सतना जिले की नागौद तहसील के 40 ग्रामों की 8958.819 हेक्टेयर निजी भूमि सिंचित होगी। गुनौर मइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना को स्वीकृत कराने हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय से भेट की गई।

## युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 27 एवं 28 मई को

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस बार जिले में सर्वाधिक वैकेंसी प्राप्त हुई हैं, लगभग 3500 वैकेंसी है। इच्छुक आवेदक तक इसकी जानकारी पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। आगामी ₹युवा संगम₹ रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 27 एवं 28 मई को आयोजित किया जा रहा है इसके सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आई.टी.आई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों के अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित संस्थाओं के प्राचार्यों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित करने निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कार्यक्रम स्थल (पॉलिटेक्निक कॉलेज) पर पूर्व-पंजीयन एवं स्थल पर पंजीयन की सुव्यवस्थित व्यवस्था की जाए। प्रवेश स्थल पर कंपनियों की सम्पूर्ण जानकारी हो एवं योग्यता अनुसार पंजीयन हेतु पृथक से व्यवस्था की जाए, अभ्यर्थियों को बैठने की व्यवस्था हो एवं प्रवेश स्थल पर ही हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जाये। पार्किंग हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पुलिस प्रशासन के माध्यम से व्यवस्था नियंत्रित की जाए। बैठक में जिला रोजगार अधिकारी को रोजगार कार्यालय में पंजीकृत सभी आवेदकों को **SMS** एवं कॉलिंग के माध्यम से सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ग्रामीण स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। जिला पंचायत **CEO** द्वारा सभी पंचायत सचिवों से सीधा संवाद स्थापित कर सूचना के प्रसार हेतु निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्व- सहायता समूहों के माध्यम से युवतियों को कार्यक्रम से जोड़ने एवं योजनाओं की जानकारी प्रसारित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा जिला प्रशासन युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है, यह आयोजन अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। बैठक में सी.ई.ओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम सभी एस.डी.एम और सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवत कथा समाज का दर्पण है : पंण आशीष कृष्ण शास्त्री



**हटा।** मानव जीवन में जितनी आवश्यकता भोजन व वस्त्र की है, उतनी ही आवश्यकता सत्संग की भी है। सत्संग से ही मानव जीवन का कल्याण संभव है। इसलिए जहां भी सत्संग होता मिले उसमें अवश्य ही बैठें। यह बात कथा व्यास पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने शमी पुस्तक ग्राम रसीलपुर में कलेही माता मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने आगे कहा कि भागवत कथा - समाज का दर्पण है। भागवत कथा सुनकर मन व आत्मा तृप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि - सत्संग के माध्यम से लोग अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। सत्संग के माध्यम से ही मानव - जीवन का कल्याण संभव है। मानव जीवन में जितनी आवश्यकता भोजन व वस्त्रों की है उतनी - ही आवश्यकता सत्संग की भी है। समाज को सही दिशा व ज्ञान भागवत कथा के द्वारा ही होता - है। कलयुग में साक्षात परमात्मा का दर्शन एवं साक्षात्कार श्रीमद भागवत कथा महापुराण है।

## शिक्षा के अधिकार के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई

**दमोह।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है, आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई 2025 निर्धारित है। दमोह जिले में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा 1215 सीटें आवंटित की गई है, जिसके विरूद्ध जिले में 2082 आवेदन दर्ज हो चके है और सत्यापन केवल 1417 का हुआ है। सत्यापन कार्य जिले के 56 जनशिक्षा केन्द्रों में किया जा रहा है, परन्तु अभिभावक/पालक अभिलेखों के सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं हो रहे है। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से आवेदन में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर मैसेज भी भेजे जा रहे है अर्थात सूचना प्रदाय की जा रही है कि अभिभावक/पालक अभिलेखों सहित जनशिक्षा केन्द्र में उपस्थित होकर सत्यापन कार्य कराये। जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्विवेदी ने आवेदन करने वाले अभिभावकों/पालकों से अनुरोध किया है, कि आप कार्यालयीन समय पर संबंधित जनशिक्षा केन्द्रों में उपस्थित होकर अभिलेखों का सत्यापन कार्य कराये निर्धारित तिथि के पश्चाकत सत्यापन कार्य किया जाना संभव नहीं होगा और बच्चों को आर.टी.ई का लाभ प्राप्त नहीं होगा जिसकी जबाबदारी आपकी होगी। उन्होनें ने कहा है जनशिक्षा केन्द्रों में ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदन की पावती का प्रिंट 02 प्रति में तथा आवेदन में दर्ज की गयी आवश्यक जानकारी के मूल दस्तावेज लेकर चुने हुए जनशिक्षा केन्द्र पर अंतिम तिथि 23 मई 2025 के पूर्व सत्यापन अवश्य करायें अन्यथा आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेगा।

# आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पर हुआ व्याख्यान कार्यक्रम

**शंकराचार्य भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के पुनर्जागरण के प्रतीक थे शंकराचार्य जी का जीवन दर्शन आज भी सामाजिक भेदभाव को खत्म करने के अनुकरणीय और पठनीय है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय सभागार पथरिया में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन, अद्वैत वेदांत और उनके आदर्श जीवन आध्यात्मिक योगदान पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरलाल चौरसिया, रमाकांत पौराणिक, सुशील कुमार नामदेव, उमाशंकर उपाध्याय, कृष्णा पटेल रहे। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एमसीएमसीडीपी के विद्यार्थी सोनम राजपूत, ज्योति नेमा, मीना अहिरवार, अंकित पटेल द्वारा चित्र बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता पंडित रमाकांत पौराणिक ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी का जन्म केवल एक संत या दार्शनिक के रूप में नहीं हुआ था, बल्कि वे भारतीय संस्कृति और आध्यात्म के पुनर्जागरण के प्रतीक थे।उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी ने मात्र 32 वर्ष के जीवनकाल में भारतवर्ष को एक अद्वितीय आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके द्वारा चार धामों में स्थापित मठ आज भी ज्ञान, साधना और भारतीय दर्शन के प्रमुख केंद्र हैं।₹अहम ब्रह्मास्मि₹ के विचार को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने बताया कि शंकराचार्य जी का अद्वैत वेदांत दर्शन आत्मा और परमात्मा की एकता का संदेश देता है, जो समत्व और विश्व बंधुत्व की भावना को जन्म देता है। जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कहा कि वर्तमान समय में अद्वैत वेदांत को पढ़ने की आवश्यकता है यदि हम उसका अध्ययन करते हैं तो सभी प्रकार के भेद खत्म हो जाएंगे शंकराचार्य जी का जीवन दर्शन हम सभी को प्रेरणा देने का काम करता है आज उनके कार्यों का अनुसरण करना आवश्यक है। ब्लाक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने आदि गुरु शंकराचार्य के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान की बात रखी ओर सभी से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गतिविधियां आयोजित करे। जिले के यूथ अचीवर्स एवं नवांकुर संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपके मध्य इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता इसलिए है कि आप शंकराचार्य जी के विचारों को आत्मसात कर समाज सुधार के कार्य में अग्रणी भूमिका निभा सके। इस दौरान विशेष रूप से गायत्री परिवार के वरिष्ठ हरलाल चौरसिया, शासकीय सी एम राईज स्कूल शिक्षक रमाशंकर पौराणिक , परामर्शदाता दिलीप पटैल, शैलेंद्र पाराशर, यज्ञनारायण पांडे, रोहित जैन,दर्शिका तिवारी के साथ समाजिक संस्थाओं के लोगों के साथ मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता दिलीप कुमार पटेल ने किया एवं आभार विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने व्यक्त किया।

## एक्सपायरी डेट के फूड कलर का किया गया विनिष्टीकरण



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में विभिन्न किराना दुकानों एवं पाव भाजी सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही घंटाघर स्थित श्रीनाथ पाव भाजी सेंटर एवं कछियाना मस्जिद के पास स्थित श्याम ट्रेडर्स पर की गई है। मौके पर श्याम ट्रेडर्स के परिसर में एक्सपायरी डेट के फूड कलर की 180 किलो मात्रा बाजार मूल्य 72,000 रुपए का विनष्टीकरण किया गया है एवं समस्त किराना दुकानदारों को परिसर में एक्सपायरी डेट की किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के मौके पर दिशा निर्देश दिए गए हैं। मौके पर श्याम ट्रेडर्स से जल जीरा पाउडर एवं श्रीनाथ पाव भाजी सेंटर से तैयार भोजन भाजी के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जिले में क्षतिग्रस्त अथवा जीर्णशीर्ण भवन की सूचना दें

**दमोह** । दमोह जिले मे यदि कोई क्षतिग्रस्त अथवा जीर्णशीर्ण भवन दिखाई देता है, जो कभी भी बड़ी समस्या का कारण बन सकता है तो इसकी सूचना दमोह हेल्पलाइन पर दी जा सकती है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया उक्त जानकारी की सूचना दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा सूचना देने से क्षतिग्रस्त भवनों की पहचान और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 17 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

**दमोह**। रनेह थाना क्षेत्र में शादी के जश्न के बीच उस वक्त मातम पसर गया जब डांग पिपरिया गांव में एक दर्दनाक हादसे में 17 वर्षीय युवक मायाराम अठ्या की जान चली गई। टेंट का सामान लेकर लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें चालक मायाराम ट्रॉली के नीचे दब गया। आनन-फानन में घायल अवस्था में उसे सिविल अस्पताल हटा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक के घर में बीती रात ही शादी समारोह संपन्न हुआ था। सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली से टेट का सामान लौटाते समय गांव के पास एक मोड़ पर यह हादसा हो गया। ट्रैक्टर पर सवार कमलेश अठ्या को मामूली चोटें आई हैं, जबकि ट्रैक्टर चला रहे मायाराम की घटनास्थल पर ही हालत गंभीर हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही रनेह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पंचनामा व मर्ग कायम कर पुलिस ने शव को परिजनी को सौंप दिया है। इस हादसे की खबर जैसे ही विवाह-स्थल पर पहुंची, खुशी का माहौल शोक में बदल गया। घर में कोहराम मच गया और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में अधिकारियों के दिये अहम दिशा निर्देश

# जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नरवाई जलाने से मुक्त जिला बने ऐसी रणनीति पर काम किया जाए। कृषि और कृषि विज्ञान केंद्र के साथ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग विभाग मिलकर रणनीति बनाएं और उस दिशा में काम प्रारंभ करें ताकि आने वाले वर्ष से नरवाई जलाने के मामले में पूरी तरह रोक लग सके। इस आशय की बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज समय-सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों से कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम सहित एसडीएम और जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं



अप्रेंटिसशिप मेला 27 एवं 28 मई को पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है, इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए शिक्षा, उच्च शिक्षा, जिला रोजगार अधिकारी एवं आईटीआई विभाग के अधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा प्रचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा साढ़े तीन हजार से अधिक पद भरे जाने हैं, विभिन्न कंपनियां यहां पर आ रही हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा 34 ऐसे डॉक्टर की रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को दे दी गई है। इसकी समय-सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए ताकि इनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने आधार केद्रों की जांच के संबंध में चर्चा करते हुए कहा इस सप्ताह रिपोर्ट दे दी जाए, टीम में शामिल अधिकारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में कोई क्षतिग्रस्त अथवा जीर्ण-शीर्ण भवन दिखाई देता है, जो कभी भी समस्या का कारण बन सकता है, इसकी सूचना आमजन भी दमोह हेल्पलाइन पर दे सकते हैं। कलेक्टर ने कहा गत वर्ष डायरिया जिन गांवों में फैला था इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग लोक स्वस्थ यांत्रिकी, जल निगम, सीईओ जनपद पंचायत, नगर पालिका अधिकारी और संबंधित क्षेत्र के एसडीएम कार्य योजना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ बैठक कर तैयार करें ताकि इन चिन्हित गांव में यह बीमारी न फैले।

# बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के हटा थाना क्षेत्र में 'प्राइमवरी शिक्षक राजेश त्रिपाठी को जिंदा जलाए जाने की सनसनीखेज घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। मामले में अब बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने भी मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को शिष्य मंडल के प्रतिनिधियों ने दमोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सीएसपी अभिषेक तिवारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। ज्ञापन में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए शिष्य मंडल ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की। सीएसपी अभिषेक तिवारी ने ज्ञापन प्राप्त कर निष्पक्ष



जांच और शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सोनू अखिल टंडन, दिनेश असाटी, आशीष चतुर्वेदी, मनोज देवलिया, आनंद सिंह राजपूत जमाटा, अशोक पटैल सहित शिष्य मंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

शिक्षक की रहस्यमयी मौत के मामले ने अब राजनीतिक और सामाजिक संगठनों का ध्यान खींचना शुरू कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस दिल दहला देने वाली घटना से पर्दा उठेगा।

## बारंडा मे दिखे जलभराव के हालात, प्रशासन की तैयारियों की खुली पोल





**दमोह**। जिला प्रशासन द्वारा बारिश के पूर्व की तैयारियों को लेकर हर साल बड़े बड़े ढिंडोरे पीटे जाते है लेकिन बारिश के दिनों हालात जस के तस होते है। इस बार भी कलेक्टर महोदय के जलभराव की स्थिति मिलने पर अधिकारियों पर कार्यवाही की बात कही है लेकिन सोमवार को चंद मिनटो की बारिश ने प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। तेज आंधी तूफान के साथ चंद मिनिटों की बारिश से ही शहर के कई स्थानों पर जलभराव के हालात देखने को मिले। बारिश कम होने के बाद जब यह हालत है तो जब बारिश के मौसम आयेगा तब क्या हालात होंगे इसका अंदाजा कल की तस्वीरों को देखकर लगाया जा सकता है। शहर के बारंडा, गांधी चौक के आसपास जलभराव हुआ। यहा पानी भरने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही वार्डो में भी कई नालियां ओवरफ्लो हो गई जिनका पानी सड़को पर आता दिखा।

### स्मार्ट बिजली ऐप से प्रतिदिन विद्युत खपत का करें अवलोकन

**दमोह**। विद्युत दक्षिण संभाग दमोह कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू ने विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है पूरे शहर को स्मार्ट मीटर से कवर करने का अभियान चलाया हुआ है। केन्द्र सरकार की स्कीम है, इसमें स्मार्ट मीटर पूरे जगह स्थापित किए जा रहे हैं, दमोह साउथ डिवीज़न में ग्रामीण एरिया में भी स्मार्ट मीटर की स्थापना की जा रही है। स्मार्ट मीटर में बहुत अच्छी सुविधा है। कार्यपालन अभियंता श्री साहू ने बताया उपभोक्ता अगर चाहे तो स्मार्ट बिजली ऐप गूगल प्ले स्टोर पर आसानी से मिल जाता है, वह एक अधिकृत ऐप है, जो बिजली विभाग की साइट से डाउनलोड कर सकते है, या गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं, उस ऐप में उपभोक्ताओं को विभिन्न तरह की सेवाएं जैसे- नया कनेक्शन लेना, नाम परिवर्तन करवाना और प्रतिदिन की विद्युत खपत जो की स्मार्ट मीटर से, उसको लिंक अप की जा रही है। यदि आपके यहाँ स्मार्ट मीटर लग गया है, तो स्मार्ट बिजली ऐप पर जाकर आप अपना आइ.वी.आर.एस नंबर डाल करके प्रतिदिन की खपत का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने कहा उपभोक्ताओं को ट्रांसपेरेंसी इतनी अच्छी मिल जाएगी की बिजली कितनी जल रही है, उपभोक्ता ने कल कितनी बिजली जलायी, आज कितनी बिजली जलायी।

### मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा

**दमोह**। देहात थाना पुलिस ने अवैध रूप से मवेशियों को ले जा रहे मिनी ट्रक को पकड जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जबलपुर नाका क्षेत्र में पुलिस ट्रक को रोका व चालक से जानकारी ली जिसके पास कोई भी सक्षम दस्तोवेजों परिवहन के संबंध में नहीं मिले। ट्रेक में भैंस व पड़े अमानवीय तरीके से भरे गये थे जिनके परिवहन की अनुमति भी नहीं थी। चौकी प्रभारी आनंद अहिरवार ने बताया कि पिकअप वाहन में 13 मवेशी भरे थे जिन्हे मुक्त कराया गया। मामले में चालक व एक अन्य के विरूद्ध पशु क्ररूता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार यह पिकअप वाहन दमोह से राहतगढ जा रहा था।

### 10वी-12वीं की संयुक्त कक्षाओं का संचालन उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा में प्रारंभ

**दमोह**। जिला शिक्षा अधिकारी महोदय दमोह के निर्देशानुसार इस वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा द्वितीय अवसर प्रदान करते हुए 17 जून 2025 से 26 जून 2025 तक द्वितीय अवसर परीक्षाएं प्रारंभ की जा रही हैं। परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्र हित में विषय वार कक्षाओं का संचालन नगर के तीनों विद्यालयों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय मॉडल स्कूल शासकीय कन्या हाईस्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से एक ही स्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में प्रति दिन 8:00 बजे से 12:00 बजे तक किया जा रहा है । इसमें उक्त तीनों विद्यालयों के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा अध्यापन कराया जा रहा है । अतः इस संबंध में तीनों विद्यालयों के प्राचार्य जे.एस.अहिरवार, विवेक कुमार नेमा,एवं सुरेंद्र कटहरे द्वारा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है ,कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर की परीक्षा हेतु आवेदन करने एवं अध्ययन करने हेतु उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा में उपस्थित कराने का प्रयास करें।

## जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला कांग्रेस कमेटी दमोह जिला अध्यक्ष रत्नचंद जैन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन महामंत्री डॉ संजय कामले के निर्देश पर कांग्रेस कमेटी के सभी मोर्चा संगठन विभाग एवं प्रकोष्ठ संगठनों को निर्देश जारी किये जा रहें हैं जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत गठित समस्त मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठ, मुख्य कांग्रेस संगठन के अंतर्गत ही संचालित है। इसी तरह जिला स्तर पर भी समस्त मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ, मुख्य जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ही कार्य करती है यह जिला कांग्रेस के समानान्तर संचालित नहीं है। उक्त संबंध में समस्त मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ ईकाइयों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा जिला में किए जाने वाले किसी भी जिला स्तर पर गठित समस्त जिला कार्यक्रम से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष से चर्चा करना सुनिश्चित करें साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी को दिये गए कार्यक्रमों को पृथक से नहीं करते हुए उनमें सहभागी बनें एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संपादित किए जाने वाले अन्य कार्यक्रमों में भी साथियों सहित पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित रहें।

## भाजपा नेताओं ने प्रभारी मंत्री से मुलाकात की



**दमोह**। जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार (मंत्री उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन) के भोपाल निवास पर पहली कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई. जिसमें दमोह जिले के विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। संभागीय प्रभारी संगठन मंत्री मुकेश चतुर्वेदी, सांसद राहुल सिंह, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटेल, हटा विधायक श्रीमती उमा देवी लालचंद खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे,महामंत्री गोपाल पटेल,सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी भी सम्मिलित हुए।

## आत्मा और परमात्मा के मिलन की कथा है रासलीला: पं. कृष्णकांत गौतम

**बनवार**। बांदकपुर स्टेशन के समीप ग्राम बम्होरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा में कथा प्रवक्ता कृष्ण कांत गौतम ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया



कि रास तो जीव और कृष्ण के मिलन की कथा है, जो काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर आक्रमण किया, लेकिन वह परास्त हो गया। उन्होंने रास लीला की महत्ता को बताते हुए रास लीला भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं में से एक है, जिसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। यह कथा न केवल भक्ति और प्रेम का प्रतीक है, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन की भी प्रतीक है। रास लीला दर्शाती है कि कैसे आत्मा अपने प्रियतम परमात्मा के साथ एकाकार हो सकती है। यह कथा आत्मसमर्पण, प्रेम,गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम निस्वार्थ और पूर्ण समर्पण का उदाहरण है। और भक्ति का महत्व सिखाती है रास लीला प्रेम और भक्ति का प्रतीक है, जो भगवान के प्रति अनन्य प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। रास लीला की कथा में कई आध्यात्मिक संदेश छिपे हैं, जैसे कि आत्मसमर्पण, प्रेम, और भक्ति का महत्व। यह कथा हमें यह भी सिखाती है कि सच्चा प्रेम और भक्ति ही भगवान की प्राप्ति का मार्ग है। कथा के दौरान कृष्ण कांत गौतम ने भजन प्रस्तुत किया, जिसका श्रोताओं ने खूब आनंद लिया। भजन ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया और उन्हें भगवान की भक्ति में लीन होने का अवसर प्रदान किया।

## भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता दुनिया के लिए मित्रता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा के समीप ग्राम सुरई टोला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास पं आशीष गुरु कृष्णचरणनुरागी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। सातवें दिन कथा व्यास जी ने कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देने की कथा सुनाई। इसके अलावा, सुभद्रा हरण और सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा व्यास जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार



पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है, अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा का नाम सुना, प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए।कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें तीन मुट्ठी चावल के बदले तीन लोक समाहित हो गए और कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। कथा व्यास जी ने कहा कि जब-जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कथा व्यास जी ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है, उसका जीवन तर जाता है।सुदामा और कृष्ण की मित्रता एक अद्वितीय और प्रेमपूर्ण मित्रता का उदाहरण है। सुदामा की सच्ची मित्रता और कृष्ण की उदारता ने उनकी मित्रता को और भी मजबूत बना दिया। कथा व्यास जी ने इस कथा के माध्यम से मित्रता के महत्व और भगवान की भक्ति के बारे में बताया।

### आकाशीय बिजली गिरने से मवेशियों की मौत

**बनवार**। बनवार के ग्राम घुटकुआं में तेज आंधी और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन मवेशियों की मौत हो गई। मृत मवेशियों में परम धनगर और कालू धनगर का एक-एक बैल और मुन्ना सेन की एक गाय शामिल है। गनीमत रही कि घटना के समय लोग घरों के अंदर थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। मवेशियों की मौत से पशुपालक किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उनकी आजीविका का मुख्य साधन मवेशी ही हैं, और उनकी मौत से उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा।ग्राम वासियों ने शासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को प्राकृतिक आपदा क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दी जाए। ग्राम के सरपंच नवल सिंह लोधी ने इस मामले में शासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## हिंद की सेना के शौर्य व पराक्रम पर केंद्रित रही काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर पूरा देश हमारे जांबाज वीर सैनिकों के साथ खड़ा है तो दमोह का साहित्य जगत भी इसमें पीछे नहीं है। राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने ,म.प्र. लेखक संघ के तत्वावधान में स्थानीय रामकुमार विद्यालय में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जो हिंद की सेना के शौर्य व पराक्रम पर केंद्रित रही जिसकी अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद एनएस ठाकुर ने कहा कि भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान को जिस तरह धूल चटाई है उसे युगों युगों तक याद किया जावेगा।

मुख्य अतिथि टी चौधरी ने कहा कि थल से लेकर नभ तक एक ही नाम होगा,भारतीय सेना को झुक झुक कर सलाम होगा। काव्य गोष्ठी प्रारंभ होने के पहले जिला कोषाध्यक्ष बीएम दुबे द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2025 को मानस भवन में आयोजित हुए साहित्य समागम एवं




सम्मान समारोह के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ, सरस्वती वंदना सदन नेमा ने प्रस्तुत की। मंचासीन अतिथियों का स्वागत पीएस परिहार ने किया। काव्य गोष्ठी का संचालन करते हुए, जिला अध्यक्ष इंजी अमर सिंह राजपूत ने रचना पढ़ी कि "मैं अपने खून के कतरों से हिंदुस्तान लिख दूंगा, मिलेगी मौत मुझे जब भी वतन का नाम कर दूंगा। पीएस परिहार ने "बर्बाद जो हम लोगों को करने पर तुला है, नक्शे से निशा उसका मिटा क्यों नहीं देते।"सदन नेमा ने ,"नम आंखों के आंसू छुपाता हूं मैं, दीप खुशियों के जलाता हूं मैं, मनोरमा रतले ने "अमर शहीदों की गाथा का मैं गुणगान करूं, रमेश तिवारी ने "पुकु नन्हे हो के राबे ,तो काय पन्हैया खावे" आशीष तंतुवाय ने "हद से ज्यादा यदि बढ़ जाए, तो पेड़ को छाटना पड़ता है। बीएम दुबे ने "जान जाए अगर राष्ट्र के नाम पर, तो यह सबसे बड़े गर्व की बात है। सरहद पर जवानों करो चौकसी, पूरा भारत तुम्हारे सदा साथ है। बबीता चौबे शक्ति ने धीरे से बरसों बदरिया साजन मोरे सीमा पर होंगे, डॉ. रघुनंदन चिले ने दुश्वारियां इस्तकबाल करेगी सफर में, झुलसायेगी बेरहम धूप भी सफर में, राजीव अयाची ने,मुनीर और शरीफ पर रचना पढ़ी कि मुनीर को फोन आओ,भारत ने नूरखान पे मिसाइल हनी है। मार्गदर्शन देते हुए ठाकुर नारायण सिंह ने, भारतीय सेना की खूबियों का उल्लेख करते हुए कहा कि "इस घड़ी में आत्म संयम पर विशेष ध्यान की आवश्यकता है, आभार पीएस परिहार ने माना।